web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union, Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 16 जुलाई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 288

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गुजरात सरकार ने की बिपरजॉय प्रभावित किसानों के लिए 240 करोड़ रुपए के राहत पैकेज की घोषणा

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** गुजरात सरकार ने पिछले महीने कच्छ और बनासकांठा जिलों में आए चक्रवात बिपरजॉय के बाद नुकसान झेलने वाले किसानों के लिए 240 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की है। राहत पैकेज में खड़ी फसलों, पौधों और पेड़ों को हुए नुकसान से निपटने के लिए वित्तीय सहायता शामिल है। कच्छ और बनासकांठा में लगभग 1.30 लाख हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। चक्रवात के कारण जमीन से टकराने के दौरान कई फलदार पेड़ पूरी तरह से उखड़ गए या आंशिक रूप से नष्ट हो गए। सरकार के बयान के अनुसार, जिन किसानों को अपनी बारहमासी बागवानी फसलों या पेड़ों को 10 से 33 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है, उन्हें प्रति हेक्टेयर 25,000 रुपये की सहायता मिलेगी। यदि क्षति उनकी कुल बारहमासी बागवानी फसलों या पेड़ों के 33 प्रतिशत से अधिक है, तो किसान 1.25 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर के मुआवजे के पात्र होंगे, जिसकी अधिकतम सीमा दो हेक्टेयर होगी। मुआवजे का लाभ उठाने के लिए, जिन किसानों के नाम सर्वेक्षण टीमों की सूची में शामिल किए गए हैं, उन्हें संबंधित तालुका विकास अधिकारी को आवेदन जमा करना होगा।

### फिल्मी अंदाज में ठगी : लाखों के गहने और नकदी लेकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन, 27 लोगों को बनाया शिकार

**बड़गा (आरएनएस)।** कश्मीर घाटी में फिल्मी अंदाज में ठगी करने का मामला सामने आया है। यहां एक लुटेरी दुल्हन ने पहले 27 लोगों से शादी की और बाद में उनके गहने और नकदी लेकर फरार हो गई। इस मामले का खुलासा होने से इलाके में हडक़ंप मच गया है। यह घटना बडगाम जिले की है। श्रीनगर लालचौक की प्रेस कॉलोनी में रहने वाले कुछ लोगों ने बताया कि उक्त महिला ने 27 मर्दों से शादी की है। शादी के बाद कुछ समय भी बिताया और बाद में मायके जाने का कहकर घर से सोना और नकदी लेकर फरार हो गई। जानकारी देते हुए लोगों ने बताया कि उक्त ठग महिला जम्मू संभाग के राजौरी की रहने वाली है और उसने एक गैंग तैयार किया है। इस गैंग में कुछ मैच मेकर्स (रिश्ता करने वाले लोग) शामिल हैं, जो अमीर लोग या ऐसे व्यक्तियों को शिकार बनाते थे, जो मेहर के नाम पर अच्छी खासी रकम दे सकते थे। ठगी के शिकार बडग़ाम खान साहब इलाके के एक निवासी ने बताया कि उसके पास एक मैच मेकर कुछ महीना पहले कई बार आया और राजौरी निवासी एक महिला का फोटो दिखाया। महिला से शादी के लिए विभिन्न तरीकों से रिझाया और वह उसकी यह चाल में फंस गया। शादी के कुछ दिन बाद महिला ने डॉक्टर के पास जाने के लिए पति के साथ अस्पताल गई तो पति जबतक अस्पताल काउंटर पर टिकट निकालता, महिला अस्पताल से फरार हो गई। महिला और उसके बताए हुए जानकारों सभी ने उनके अता पता फर्जी बताए थे। यहां तक कि दस्तावेज और पहचान पत्र भी फर्जी थे। इस मामले में पुलिस ने आरोपी महिला और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार उक्त महिला ने बडग़ाम में 27 लोगों को ठगा है।

### अपनी ही 6 वर्षीय बच्ची का गला दबाकर महिला ने उतारा मौत के घाट, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**तुमकुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के तुमकुरु जिले के शांतिनगर में एक चौंकाने वाली घटना में एक महिला ने अपनी छह साल की बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। हेमलता नाम की आरोपी ने अपनी बेटी तन्विता की गला दबाकर हत्या कर दी। बच्ची की चीख सुनकर पड़ोसी घर पहुंचे और हेमलता से बच्ची को छीन लिया। हालांकि, तब तक तन्विता की मौत हो चुकी थी। पुलिस को सूचित किया गया और हेमलता को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि हेमलता के परिवार वाले दावा कर रहे हैं कि वह मानसिक बीमारी से पीड़ित है। तुमकुरु शहर के जयनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

## भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत

# बेड़े में शामिल होंगे 26 नेवी राफेल और तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बी; अहम डील को मिली मंजूरी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत अपनी नौसेना को मजबूत करने के लिए नई पीढ़ी के नेवी लड़ाकू विमान राफेल फ्रांस से खरीदेगा। फ्रांस ने इस डील को मंजूरी दे दी है। राफेल बनाने वाली कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने बताया कि डील के तहत भारत को 26 नेवी राफेल मिलेंगा। भारत फ्रांस से नेवी के लिए 3 स्कॉर्पीन पनडुब्बी भी खरीद रहा है।

रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से राफेल जेट के 26 नेवी वर्जन खरीदने और तीन फ्रांसीसी-डिज़ाइन वाली स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों की खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। फ्रांस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, रक्षा सहयोग हमारे घनिष्ठ संबंधों का एक मजबूत स्तंभ रहा है। यह दोनों देशों के बीच गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। फ्रांस 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत पहल में एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

उन्होंने कहा, आज हम नई प्रौद्योगिकियों से संबंधित सह-उत्पादन के बारे में चर्चा करेंगे। मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष तीसरी दुनिया के मित्रवत देशों के लिए भी सैन्य उपकरण तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस असैन्य परमाणु क्षेत्र में संबंधों को आगे बढ़ाएंगे और छोटे एवं उन्नत मॉड्यूलर संयंत्रों के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ हैं।

**85,000 करोड़ रुपये हो सकती है लागत-** वहीं, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि राफेल के साथ-साथ हथियार प्रणालियों और पुर्जों सहित सहायक उपकरणों की खरीद एक अंतर-सरकारी समझौते (IGA) पर आधारित होगी. साथ ही कीमत और खरीद की अन्य शर्तों पर फ्रांस की सरकार के साथ बातचीत की जाएगी. इन 2 अहम परियोजनाओं की लागत 80,000 से 85,000 करोड़ रुपये हो सकती है. ये अहम डील ऐसे वक्त हुई है जब पीएम मोदी फ्रांस के दौरे पर हैं.

**आगे क्या तैयारी कर रहा भारत-** रक्षा मंत्रालय की सर्वोच्च संस्था डीएसी ने इस खरीद प्रस्ताव को उस दिन मंजूरी दी, जब पीएम मोदी फ्रांस की बैस्टिल डे परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर थे. वहीं, भारतीय और फ्रांसीसी अधिकारी भविष्य के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (AMCA) सहित नेक्स्ट जेनरेशन के विमानों को ताकत देने के लिए भारत में लड़ाकू जेट इंजन डेवलप करने के लिए फ्रांसीसी डिफेंस चीफ प्रमुख सफ्रान से बातचीत कर रहे हैं.

## सीबीएसई बोर्ड : 15 फरवरी से शुरू होंगी 10वीं-12वीं की परीक्षाएं



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। 2024 में कक्षा 10वीं और 12 की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से 10 अप्रैल, 2024 तक आयोजित की जाएंगी।

आधिकारिक सूचना उम्मीदवारों द्वारा सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट सीबीएसई के माध्यम से डाउनलोड की जा सकती है। कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं लगभग 55 दिनों तक चलेंगी। बोर्ड ने सभी संगठनों से अनुरोध किया है कि वे बोर्ड परीक्षाओं के उपरोक्त कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए अपनी परीक्षाओं की तारीखें तय करें।

आधिकारिक नोटिस में लिखा है, सीबीएसई 15 फरवरी 2023 से कक्षा 10 और 12 के लिए शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करेगा। ये परीक्षाएं लगभग 55 दिनों की अवधि के लिए आयोजित की जाएंगी और 10 अप्रैल 2024 तक समाप्त होने की उम्मीद है। इस साल सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू की थीं। जबकि कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 5 अप्रैल तक आयोजित की गई थी। जबकि सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 21 मार्च तक आयोजित की गई थी।

## आकाशीय बिजली का कहर, चपेट में आने से 18 लोगों की मौत- सीएम ने की मुआवजे की घोषणा



**पटना (आरएनएस)।** बिहार में चालू मानसून सीजन के बीच 24 घंटों में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। 18 मौतों में से पांच रोहतास में, अरवल में चार, सारण में तीन, औरंगाबाद और पूर्वी चंपारण में दो-दो और बांका और वैशाली जिले में एक-एक शामिल हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के परिवार के प्रत्येक सदस्य को 4 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है। आपदा प्रबंधन एजेंसी लोगों से, विशेषकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों से अपील कर रही है कि वे बारिश होने पर कृषि क्षेत्र में जाने से बचें या पेड़ों, बिजली के खंभों या मिट्टी से बने घरों के नीचे खड़े न हों।

उन्होंने शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों को भी चेतावनी दी है कि वे बारिश के दौरान खिड़कियों से दूर रहें और रेफ्रिजरेटर और एसी जैसे बिजली के उपकरणों को न छूएं, साथ ही इमारतों की छतों पर जाने से बचें।

## उत्तराखंड, हिमाचल और यूपी में भारी बारिश की चेतावनी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 18 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश जारी रहने की उम्मीद है। इसके बाद बारिश में कमी आने की संभावना है। आईएमडी ने यह भी कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान मध्य और पूर्वी भारत में सक्रिय मानसून की स्थिति बनी रहने की संभावना है। आईएमडी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि देश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में भारी बारिश, तूफान और आकाशीय बिजली गिरने के साथ व्यापक बारिश होगी। आईएमडी ने कहा है कि मौसम का यह मिजाज उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में जारी रहने की उम्मीद है। इसके अलावा अगले चार दिनों तक उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की उम्मीद है। 17 जुलाई को उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। भारत के पूर्वी और उत्तरपूर्वी हिस्सों की बात करें तो वहां काफी भारी बारिश होगी।

मौसम कार्यालय की ओर से जानकारी दी गई कि 'उत्तर पूर्व, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 16 जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना है। ओडिशा में 18 जुलाई तक भारी बारिश होने की उम्मीद है, जबकि झारखंड में 16 जुलाई को भारी बारिश होगी। मध्य भारत में अगले पांच दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश के साथ-साथ भारी बारिश, आंधी और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। मध्य प्रदेश में 17 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ में भी 17 जुलाई को भारी बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने आगे भविष्यवाणी की कि देश के पश्चिमी क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है। यह भी कहा कि कोंकण, गोवा और महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों में अगले पांच दिनों तक अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। गुजरात में 19 जुलाई को मौसम का यही मिजाज देखने को मिल सकता है। देश के दक्षिणी हिस्से में हल्की से मध्यम बारिश होगी। तटीय कर्नाटक में 19 जुलाई तक अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी ने बताया कि तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में 18 और 19 जुलाई को वर्षा होने की उम्मीद है। कर्नाटक के आंतरिक क्षेत्रों में 18 और 19 जुलाई को भारी बारिश की संभावना है।

## माता-पिता की देखभाल नहीं करने वाले बेटों को प्रायश्चित का मौका नहीं

**कर्नाटक हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी**



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक बड़े फैसले में कहा है कि जो बेटे अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, उन्हें प्रायश्चित का मौका नहीं दिया जा सकता। अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि विवाह अधिकारों को फिर से स्थापित करने के लिए एक कानून है, लेकिन मां को बेटों के साथ रहने के लिए मजबूर करने के लिए कानून में कोई प्रावधान नहीं है।

न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली पीठ ने दो भाइयों, गोपाल और महेश की याचिका पर यह फैसला दिया। उन्होंने अदालत के समक्ष दलील दी थी कि वे अपनी मां की देखभाल के लिए 10-10 हजार रुपये गुजारा भत्ता का भुगतान नहीं सकेंगे। भाइयों ने दावा किया कि वे अपनी मां की देखभाल करने के लिए तैयार हैं। उनकी मां फिलहाल बेटियों के घर पर रहने के लिए मजबूर हैं।

पीठ ने वेदों और उपनिषदों का उल्लेख करते हुए कहा कि अपनी मां की देखभाल करना बच्चों का कर्तव्य है। अदालत ने कहा, बुढ़ापे के दौरान, मां की देखभाल बेटे द्वारा की जानी चाहिए। तैत्तिरीय उपनिषद में उपदेश दिया गया है कि माता-पिता, शिक्षक और अतिथि भगवान के समान हैं। जो लोग अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं उनके लिए कोई प्रायश्चित नहीं है। भगवान की पूजा करने से पहले, माता-पिता, शिक्षकों और अतिथियों का सम्मान करना चाहिए।

पीठ ने कहा, लेकिन, आज की पीढ़ी अपने माता-पिता की देखभाल करने में विफल हो रही है। यह अच्छा नहीं है कि ऐसी संख्या बढ़ रही है। इसमें रेखांकित किया गया कि चूंकि दोनों बेटे शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं, इसलिए यह दावा नहीं किया जा सकता कि वे भरण-पोषण नहीं दे सकते।

अगर कोई आदमी अपनी पत्नी की देखभाल कर सकता है, तो वह अपनी मां की देखभाल क्यों नहीं कर सकता? एक बेटे को किराया मिल रहा है। बेटों का इस तर्क से सहमत नहीं हुआ जा सकता कि वे अपनी मां का ध्यान रखेंगे। एक मां को मजबूर करने का कानून नहीं है। इस बात से भी सहमत नहीं हुआ जा सकता कि बेटियां साजिश कर उसे अपने घर में रहने के लिए मजबूर कर रही हैं। अगर बेटियां न होती तो मां सडक़ पर होती।

न्यायमूर्ति दीक्षित ने मां की देखभाल करने के लिए बेटियों की सराहना की। पीठ ने बेटों को अपनी मां को 20 हजार रुपये गुजारा भत्ता देने का भी आदेश दिया। मैसूरु की 84 वर्षीय वेंकटम्मा अपनी बेटियों के साथ रह रही थीं। अपने बेटे का घर छोडऩे के बाद उन्होंने मैसूरु में प्रभागीय अधिकारी से संपर्क कर गोपाल और महेश से गुजारा भत्ता की मांग की थी।

माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के तहत बेटों को अपनी मां को पांच-पांच हजार रुपये देने का आदेश दिया गया। बाद में जिला आयुक्त ने रखरखाव राशि पांच-पांच हजार रुपये से बढ़ाकर 10-10 हजार रुपये कर दी थी। इस आदेश को चुनौती देने वाले भाइयों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और दावा किया कि वे गुजारा भत्ता नहीं देंगे, बल्कि वे अपनी मां की देखभाल करेंगे।

## कूनो नेशनल पार्क में एक और चीते की मौत, 4 महीने में 8वें चीते की गई जान

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क से एक बार फिर वन्य प्राणी प्रेमियों के लिए बुरी खबर आ रही है। यहां सूरज नाम के नर चीते ने दम तोड़ दिया है। इस सप्ताह यह दूसरे चीते की मौत है। सूरज की मौत की वजह का खुलासा नहीं हो पाया है।

वन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सूरज नाम के चीते की शुक्रवार को मौत हुई है। वह मृत अवस्था में पाया गया है। सूरज के शरीर पर कुछ चोट के निशान भी पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि बीते दिनों तेजस और सूरज के बीच हिंसक झड़प हुई थी। जिसमें दोनों घायल हुए थे। तेजस के शरीर पर भी घाव मिले थे। मगर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तेजस की मौत की वजह आंतरिक अंगों की कमजोरी बताई गई। सूरज के शरीर पर भी कुछ घाव हैं। ज्ञात हो कि दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों के दल को 17 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा था। अब तक यहां कुल आठ चीतों की मौत हो चुकी है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने चीते की मौत पर ट्वीट कर कहा- कूनो नेशनल पार्क में आज आठवें चीते की मृत्यु का समाचार प्राप्त हुआ। लगातार चीतों की मौत होने के बावजूद अब तक ऐसी कोई योजना सामने नहीं आई है, जिसमें इन वन्य प्राणियों के जीवन को संरक्षित करने की कोई पहल की गई हो। राजनीतिक प्रदर्शन-प्रियता के लिए वन्य प्राणियों को शोभा की वस्तु बनाना, लोकतंत्र के चुने हुए प्रतिनिधियों को शोभा नहीं देता।

## अमरनाथ यात्रा : 14वें दिन 24 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए गुफा मंदिर के अंदर शिवलिंग के दर्शन



**श्रीनगर (आरएनएस)।** अमरनाथ यात्रा के 14वें दिन 24 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर के अंदर शिवलिंग के दर्शन किए, जबकि 7,392 भक्तों का एक और जत्था शनिवार को जम्मू से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ।

अधिकारियों ने कहा कि एक जुलाई को वार्षिक तीर्थयात्रा शुरू होने के बाद से 1.87 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर के दर्शन किए हैं।

7,392 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था आज (शनिवार) सुबह एक सुरक्षा काफिले में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा, इनमें से 4,897 पुरुष, 2,095 महिलाएं, 55 बच्चे, 319 साधु और 26 साध्वियां हैं।

यात्रा में अब तक प्राकृतिक कारणों से 19 लोगों की मौत हो चुकी है।

पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में 3-4 दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग दर्शन के बाद उसी दिन बेस कैंप लौट आते हैं।

दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

62 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा उत्सव के साथ समाप्त होगी।

### 36 घंटे में पांच तीर्थयात्रियों की मौत, मरने वालों की संख्या हुई 24



**श्रीनगर (आरएनएस)।** पिछले 36 घंटों में पांच अमरनाथ यात्रियों की मौत हो गई, इससे इस साल की वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान मरने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 24 हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि इनमें से अधिकतर मौतें अधिक ऊंचाई पर होने वाली बीमारी के कारण हुईं, जिसके चलते ऑक्सीजन की कमी हुई और उसके बाद हृदय गति रुक गई। अधिकारियों ने कहा, पांच मौतों में से चार पहलगाम मार्ग पर हुईं जबकि एक बालटाल मार्ग पर हुई। पीड़ितों में एक आईटीबीपी अधिकारी भी शामिल है, जिसकी ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। पीड़ित उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और गुजरात से थे। विशेषज्ञों ने कहा है कि ऊंचाई पर स्थित स्थानों में ऑक्सीजन की कम सांद्रता के साथ दुर्लभ हवा होती है। इसके साथ ही थकावट और अस्वस्थ फेफड़े अक्सर मृत्यु का कारण बनते हैं।

अमरनाथ गुफा मंदिर समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित है।

इन कारणों से, अधिकारियों ने यात्रियों के लिए स्थापित मुफ्त रसोई (लंगर) में सभी जंक फूड पर प्रतिबंध लगा दिया है। परांठे, पूड़ी, मिठाई और कोल्ड ड्रिंक समेत सभी हलवाई आइटम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यात्रा के आधार और पारगमन शिविरों के अंदर और आसपास सिगरेट की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस साल की 62 दिवसीय लंबी यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई, 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा उत्सव के साथ समाप्त होगी।